## Bhajankilyrics

# हे गौरी नंदन करने वंदन आए तेरे द्वार

Downloaded on: April 29, 2025

हे गौरी नंदन करने वंदन, आए तेरे द्वार, हे गणपति दर्शन दो एक बार, हे गणपति दर्शन दो एक बार।। प्रथम पूज्य हो हे गणनायक, बल-बुद्धि के तुम हो दायक, आस लगाए आया हूं द्वारे, आस लगाए आया हूं द्वारे, मेरा करो उद्धार, हे गणपति दर्शन दो एक बार, हे गणपति दर्शन दो एक बार। रिद्धि-सिद्धि के तुम हो दाता, दीन-दुखी के भाग्य विधाता, तेरी महिमा कौन ना जाने, तेरी महिमा कौन ना जाने, पूजे सकल संसार, हे गणपति दर्शन दो एक बार, हे गणपति दर्शन दो एक बार।। पूजा-पाठ मैं कुछ ना जानू, तेरी महिमा कैसे बखानूं, माफ करो मेरी भूल गजानन, माफ करो मेरी भूल गजानन, विनिती करो स्वीकार, हे गणपति दर्शन दो एक बार, हे गणपति दर्शन दो एक बार।। हे गौरी नंदन करने वंदन, आए तेरे द्वार, हे गणपति दर्शन दो एक बार, हे गणपति दर्शन दो एक बार।।

© 2025 Bhajankilyrics. All rights reserved.